पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

———

राज्यपाल ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों में योग दिवस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की

———

सभी विश्वविद्यालय विश्व कीर्तिमान बनाने की सशक्त दावेदारी के स्तर का आयोजन करें

———

विशेष क्षमताओं से युक्त विश्वविद्यालय थीम आधारित योग को आयोजन का हिस्सा बनाएं

———

योग आयोजन की प्रत्येक गतिविधि में विद्यार्थियों को बड़ी संख्या में जोड़ें

———

गर्भवती महिलाओं के लिए अलग से योग के आयोजन हों

———

विभिन्न रोगों में लाभप्रद अलग–अलग प्रकार के योग आयोजन भी किए जाएं

———

बैठक के दौरान हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एच0बी0टी0यू0), कानपुर को पहले प्रयास में नैक की 'ए प्लस' ग्रेड पर राज्यपाल ने दी बधाई

लखनऊः 12 जून, 2023

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन से प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों में आगामी 21 जून, 2023 को योग दिवस पर आयोजन हेतु तेयारियों की ऑनलाइन समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक विश्वविद्यालय से आयोजन की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी विश्वविद्यालय विश्व कीर्तिमान बनाने की सशक्त दावेदारी सुनिश्चित करने के स्तर की तैयारी करें।

योग दिवस के दृष्तिगत प्रदेश के अनेक विश्वविद्यालय योग पखवाड़ा प्रारम्भ कर चुके हैं, जबकि शेष अन्य विश्वविद्यालय कल 14 जून, 2023 से 21 जून, 2023 तक योग सप्ताह के आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। इस वर्ष 'हर घर आँगन योग' की थीम पर आयोजित योग दिवस के लिए विश्वविद्यालयों में पोस्टर प्रतियोगिता, वाद–विवाद प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन, रंगोली प्रतियोगिता, योग प्रशिक्षण, योग के प्रति जागरूकता जैसे विविध कार्यक्रम आरम्भ हो चुके हैं। राज्यपाल जी ने आयोजन पर चर्चा के दौरान कहा कि जिन विश्वविद्यालयों में विशेष क्षमताएं और अधिक संसाधन हैं, वे थीम आधारित योग को आयोजन का हिस्सा बनाएं। इस विषय में विस्तार से चर्चा करते हुए राज्यपाल जी ने जलयोग, जल में योग, मलखम्भ, नृत्य के साथ योग, संगीत के साथ योग जैसे विविध योग प्रकारों को थीम आधारित बनाकर अपने आयोजन में शामिल करने को कहा।

राज्यपाल जी ने योग आयोजन की प्रत्येक गतिविधि में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों की कांउसिल बनाकर योग आयोजन की तैयारियों से जोड़ने और प्रतिभागिता कराने को कहा। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के लिए अलग से योग आयोजन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय अपने गोद लिए गाँवों में, आँगनवाड़ी केन्द्रों पर तथा वहाँ की गर्भवती महिलाओं के लिए भी योग के आयोजन प्रशिक्षित योग शिक्षकों के निर्देशन में करे। इसी क्रम में उन्होंने मरीजों के लिए हितकारी योग के आयोजन कराने को कहा। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विश्वविद्यालय विभिन्न रोगों में लाभप्रद अलग–अलग प्रकार के योग का आयोजन कराये।

राज्यपाल जी ने शहीद स्मारकों, ऐतिहासिक धरोहरों, संगम स्थल, गंगा घाटों जैसे स्थलों पर विश्वविद्यालयों से योग दिवस का आयोजन कराने को कहा। उन्होंने कहा कि आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी आमंत्रित किए जाएं तथा प्रत्येक आयोजन में विद्यार्थियों को जनप्रतिनिधि के साथ योग करने का अवसर प्रदान किया जाए। उन्होंने नाव चलाने वाले मल्लाहों को भी योग से जोड़ने और आयोजन में शामिल करने के निर्देश दिए।

चर्चा के दौरान राज्यपाल जी ने हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एच0बी0टी0यू0), कानपुर को नैक ग्रेडिंग हेतु पहले प्रयास में ही

'ए प्लस' ग्रेड प्राप्त होने पर बधाई दी। उन्होंने नैक तैयारी हेतु गठित विश्वविद्यालय की टीम, समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों के साथ सभी कर्मचारियों की इस उपलब्धि के लिए सराहना की।

इस अवसर पर बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जॉनी तथा ऑनलाइन जुड़े प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति, रजिस्ट्रार एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

———

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361

ECHC
Stop Video
Participants
Chat
Share Screen
Record
Show Captions
Reactions
Apps
Whiteboards
Leave

Stop Video
Participants
Chat
Share Screen
Record
Show Captions
Reactions
Apps
Whiteboards
Leave

Project
ECHC
Stop Video
Participants
Chat
Share Screen
Record
Show Captions
Reactions
Apps
Whiteboards
Leave